02

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शुक्रवार, 16 दिसंबर 2022

विक्रमी संवत 2079, अमांत-मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष अष्टमी, मूल्य, 2.00 रुपए

इतिहास विषय में रोजगार की संभावनाओं प्रकाश डाला

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। कैरियर काउंसलिंग सेशन के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुप्रिया ढांडा द्वारा इतिहास के विद्यार्थियों को एक अतिथि व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान इतिहास विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ सुप्रिया ढांडा द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इतिहास विषय में रोजगार संबंधित संभावनाओं पर दिया गया।

ग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ॰ जयपाल सिंह ने बताया कि कैरियर काउंसलिंग सेशन के निर्वहन के अंतर्गत इतिहास विभाग समय-समय पर इस तरह के व्याख्यान आयोजित करता है जिससे कि विद्यार्थियों को इतिहास विषय में रोजगार की संभावनाएं पता लग सके और भविष्य में वे उसी अनुसार सही रोजगार हासिल कर सके। इस व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में हुआ। व्याख्यान का विषय इतिहास विषय में रोजगार की संभावनाएं रहा। डॉ. सुप्रिया ढांडा ने अपने वक्तव्य में बताया कि आधुनिक युग प्रतियोगी परीक्षाओं का युग है आज एक सेवादार से लेकर आईएएस अफसर तक की नौकरी प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर मिलती है और इन परीक्षाओं में लगभग तीस से चालीस प्रश्न इतिहास विषय से संबंधित होते हैं, ऐसे परिप्रेक्ष्य में इतिहास विषय बेहद महत्त्वपूर्ण हो जाता है इसलिए इतिहास विषय को रटने की बजाए समझने पर बल देना चाहिए। अंत में विद्यार्थियों ने व्याख्यान के विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता डॉ. सुप्रिया ढांडा ने व्याख्यापूर्ण विवरण दिया।

इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने अंत में डॉ. सुप्रिया ढांडा का इस अतिथि व्याख्यान हेतु आभार प्रकट किया।

अतिथि व्याख्यान में अपने विचार रखते हुए। आज समाज